राजधानी

जगदलपुर, सोमवार 03 मई 2021

दण्डकारण्य समाचार | 3

www.dandakaranyasamachar.com

समाचार संक्षेप

महापौर डेबर ने अपने जन्मदिन पर गुरुद्वारे में देश से शीघ्र कोरोना खत्म होने की अरदास की

रायपुर, 02 मई। रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने अपने जन्मदिवस के मौके पर गुरुद्वारे में जाकर मत्था टेका और जल्द से जल्द पूरे देश को कोरोना महामारी से मुक्त करने की अरदास की। इस दौरान कांग्रेस नेता आशीष शिंदे ने महापौर को ऑक्सीजन मीटर भेंट की। महापौर श्री ढेबर ने आज अपना जन्मदिन कोरोना संक्रमण के कारण नहीं मनाया पर देवेंद्रनगर गुरुद्वारे में जाकर कोरोना से मुक्ति की कामना जरूर की। महापौर ने गुरूद्वारा देश से कोरोना के जल्द से जल्द खत्म होने की कामना करते हुए अरदास की। इस दौरान उन्होंने पूरे देश में सिख समाज की सेवा भाव और समर्पण को नमन भी किया।

इंदौर -पुरी -इंदौर स्पेशल ट्रेन 4 व 6 मई को रद्द रहेगी

रायपुर, 02 मई । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 09371 / 09372 इंदौर -पुरी -इंदौर को यात्रियों की कमी के कारण रद्द किया जा रहा है।गाड़ी संख्या 09371 इंदौर -पुरी 4 मई 2021 से आगामी आदेश तक एवं गाड़ी संख्या 09372 पुरी- इंदौर 6 मई 2021 से आगामी आदेश तक यात्रियों की संख्या कम होने के कारण रद्द की जा रही है।

रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वालों पर हो कार्रवाई : विपिन अग्रवाल

रायपुर,02 मई । युवा वकील और समाजिक कार्यकर्ता विपिन अग्रवाल ने कहा है कि रेमडेसिवीर की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफरासुका के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे कालाबाजारी करने वालों में कानून का भय व्याप्त रहे। विपिन ने बताया कि धारा 151 के तहत कार्रवाई करना अमूमन इनमें समझाइश देकर जमानत देने से कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद होते है। रेमडेसिविर मनमानी कीमतों में रोजाना गिरफ्तारी हो रही है। बावजूद इसके कालाबा?जारी करने वालों में इसका भय देखने को नहीं मिल रहा है।

तहसील कार्यालय का ताला तोड़कर कम्प्यूटर व स्कैनर चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर, 02 मई । राजधानी में चोरों ने शास्त्री चौक स्थित तहसील कार्यालय का ताला तोड़कर 50 हजार कीमत के एक कम्प्यूटर सहित दो स्कैनर चोरी कर लिये। घटना की रिपोर्ट गोलबाजार थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार चंगोराभाटा डीडीनगर निवासी किशोर कुमार जयसवाल 39 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी तहसील ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर है। 29 अप्रैल को शाम 07 बजे कार्यालय में ताला लगाकर चला गया था। दूसरे दिन वापस आया तब कार्यालय का ताला टुटा हुआ मिला तथा अंदर रखा एक कम्प्यूटर सहित 2 नग स्कैनर अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया था। तथा अंदर रखे सामान में तोड़फोड़ भी किया है। घटना की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर जांच में जुटी है।

सरगुजा के एकता अस्पताल का कोविड 19 मरीजों का पंजीयन 10 दिनों के लिए निरस्त किया गया

रायपुर, 02 मई। अंबिकापुर के एकता अस्पताल केदारपुर को कोविड 19 के मरीजों का निर्धारित षासकीय दर से अधिक इलाज करने पर संस्था का कोविड 19 मरीजों का पंजीयन की अनुमति 10 दिवस के लिए निरस्त की गई है। सरगुजा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आज जारी आदेष में कहा गया है कि स्वास्थ्य मंत्री से मरीज ने षिकायत की थी कि संबंधित संस्था नेश्इलाज के लिए षासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक बिल लिया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस संबंध में 3 दिवस के अंदर स्पष्टीकरण देने और संबंधित मरीज के इलाज संबंधी दस्तावेज की प्रमाणित छायाप्रति भी उपलब्ध कराने के निर्देष दिए थे लेकिन संस्था ने निर्धारित समय में कोई जवाब नही दिया ।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत एक घायल,मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

रायपुर, 02 मई । अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत हो गई व पीछे बैठा युवक घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन ओव्हरब्रिज के पास आरंग में 30 अप्रैल को मोटरसाइकिल से जाते समय दमोह मध्यप्रदेश निवासी राहुल चौधरी 23 वर्ष पिता गोर्वधन चौधरी को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। इसके चलते उसकी मौत हो गई व पीछे बैठा उसका साथी राहुल बाघमार को चोट लगी है।

मुख्यमंत्री ने रायपुर निगम के ऑक्सीजन ऑन व्हील्स एम्बुलेंस सेवा और खाद्यान्न वितरण कार्य का किया शुभारंभ

रायपुर, 02 मई । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर नगर निगम की तीन महत्वपूर्ण सेवाओं का ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने 'ऑक्सीजन ऑन व्हील्स' नाम से होम आइसोलेशन के मरीजों के लिए ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर की घर पहुंच सेवा, कोरोना मरीजों को घर से अस्पताल और अस्पताल से घर लाने-ले जाने के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा और जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क सूखा राशन वितरण कार्य का शुभारंभ किया। महापौर एजाज ढेबर, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और रायपुर नगर निगम के आयुक्त सौरभ कुमार भी वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री बघेल ने तीनों सेवाओं की शुरूआत करते हुए कहा कि कोरोना काल और लॉक-डाउन में रायपुर नगर निगम लोगों को सुविधाएं पहुंचाने के लिए तत्परता और जिम्मेदारी से काम कर रहा है। कोरोना पीड़ितों के इलाज के लिए इंडोर स्टेडियम को अस्पताल के रूप में तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब अनेक राज्यों में कोरोना के मरीजों के लिए ऑक्सीजन की मारामारी है, छत्तीसगढ़ में इसकी घर पहुंच सुविधा शुरू की जा रही है। उन्होंने लोगों को मजदूर दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। बघेल ने इनडोर स्टेडियम में शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद महापौर एजाज ढेबर को भी जन्मदिन की बधाई दी।

रायपुर नगर निगम द्वारा लॉक-डाउन अवधि में निर्धन परिवारों के लिए खाद्यान्न वितरण की आज शुरूआत की गई। कोरोना काल में लॉक-डाउन से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों में वितरण के लिए सात हजार पैकेट सूखा राशन गाड़ियों में भरकर रवाना किया गया। स्थानीय पार्षदों और जोन अधिकारियों के साथ समन्वय कर इन्हें नगर निगम क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों में निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में बढ़ सकता है लॉकडाउन

✹ कुछ जगहों पर कम संक्रमण की दर को देखते हुए मिल सकती हैं छूट

रायपुर, 02 मई । छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की रफ़्तार को कम करने लगाए गए लॉकडाउन के और बढ़ने की संभावना है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय एक दो दिन में कोरोना संक्रमण के ताज़ा आँकड़ों को देखने के बाद होगा। संकेत हैं, कि चिकित्सा वैज्ञानिकों ने मई में पीक आने की चेतावनी दी है तो उसे देखते हुए लॉकडाउन बढ़ा दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के बढ़ते दायरे को देखते हुए टेस्टिंग पर जोर दिया जा रहा है। हाल ही में नई लैब शुरू की गई। पिछले 7 दिनों में प्रदेश में 3 लाख 86 हजार से अधिक सैंपल की टेस्टिंग की गई। 29 अप्रैल को सबसे ज्यादा 61 हजार 6 सैंपल सिर्फ एक दिन में जांचे गए। हर दिन प्रदेश में 13 से 15 हजार नए संक्रमित मिल रहे हैं। लोगों के ठीक होने के आंकड़े भी राहत देते हैं। पिछले एक सप्ताह में प्रदेश के 96 हजार से अधिक कोविड मरीज ठीक हुए हैं। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लॉकडाउन और आगे बढ़ाया जा सकता है। इस पर सरकार दो दिनों के भीतर ठोस फैसला ले सकती है।

अंत्योदय कार्ड धारी गरीब युवाओं को पहले टीका लगने के विरोध से भाजपा सांसद का गरीब विरोधी चरित्र उजागर-कांग्रेस

रायपुर, 02 मई । भाजपा सांसद सुनील सोनी के बयान पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद सुनील सोनी ने राज्य के सबसे गरीब आर्थिक रूप से कमजोर असहाय अंत्योदय कार्ड धारी युवाओं को पहले वैक्सीन लगाने का विरोध कर भाजपा के गरीब मजदूर किसान विरोधी चरित्र को सामने लाया है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार के नाकारापन के चलते ये टीकारण में ये परिस्थितियां निर्मित हुई है।एक ओर जहाँ केंद्र सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा मांगी गई 50 लाख वैक्सीन डोज की आपूर्ति नही कर रही है वैक्सीन सप्लाई में रोड़ा लगा रही है वही दूसरी ओर भाजपा सांसद सुनील सोनी वैक्सीन के नाम से गंदी राजनीति कर रहे है।भाजपा सांसद सुनील सोनी जनता को बताये छत्तीसगढ़ को बिना रोक टोक पर्याप्त मात्रा में मांगी गई वैक्सीन के लिए अब तक उन्होंने क्या प्रयास किये है?क्या प्रधानमंत्री केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा किये है? क्योंकि वैक्सीन का नियंत्रण केंद्र सरकार के पास है।दुर्भाग्य की बात है जब मोदी सरकार देश के युवाओ से छिनकर साढ़े पांच करोड़ टीका विदेश भेजे तब सुनील सोनी के मुहँ में दही जमा था विरोध नही किये और जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने नागरिकों के लिये प्रयाप्त टीका की मांग केंद्र सरकार से की तब यही भाजपा राज्य के जनता के पक्ष में नही बल्कि मोदी सरकार की तरफदारी करते नजर आए।भाजपा सांसद सुनील सोनी में थोड़ी बहुत नैतिकता बांकी हो तो केंद्र सरकार पर राज्य सरकार द्वारा मांगी गई 50 लाख वैक्सीन डोज की डिलवरी कराने दबाव बनाए ताकि राज्य के 18 साल से 44 साल तक के 1 करोड़ 30 लोगों को टीका लगाने में देरी ना हो।

धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद सुनील सोनी हमेशा गरीब किसान मजदूरों के विरोध में ही खड़े रहते हैं इसके पहले भी किसान आंदोलन को लेकर सुनील सोनी ने अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणी किया था प्रधानमंत्री मजदूर रोजगार कल्याण योजना से छत्तीसगढ़ को बाहर किया गया तब भी सुनील सोनी मौन थे? छत्तीसगढ़ में में कोरोना महामारी संकट काल के दौरान जब सात लाख 50 हजार प्रवासी श्रमिको की घर वापसी हुई उस दौरान भी भाजपा और सुनील सोनी ने श्रमिको के घर वापसी का विरोध किया थ किसानों के धान को एक मुश्त 2500 देने का भी विरोध से सुनील ने किया है केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ के बन्द आर्थिक गतिविधियों को शुरू करने लिए मांगी गई 30हजार करोड़ के राहत पैकेज के विरोध में भी सुनील सोनी खड़े रहे ।सुनील सोनी और भाजपा की आदत हो गई है छत्तीसगढ़ के हित में किए जा रहे सभी प्रकार के जन कल्याणकारी कार्यों का विरोध करना और केंद्र में बैठी नाकाम मोदी सरकार के गलतियों को छुपाना।

मितानिनों ने कहा दवा लेने से जल्द रिकवर होने लगे हैं कोरोना संक्रमित

✹ छत्तीसगढ़ सरकार का कोरोना दवा के वितरण का आने लगा सार्थक परिणाम

✹ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर और दुर्ग संभाग के ग्रामीण अंचल के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों से गांवों में कोरोना संक्रमण और और उपचार को लेकर चर्चा की

रायपुर, 02 मई । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर एवं दुर्ग संभाग के ग्रामीण अंचल में कोरोना संक्रमित लोगों की जीवन रक्षा में जुटे स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले और मितानिनों से विस्तार से चर्चा की। ग्रामीण इलाकों में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, एएनएम और मितानिनों का कहना है कि लक्षण वाले मरीजों को कोरोना किट में उपलब्ध दवाओं का अविलंब सेवन शुरू करा देने से लोग तेजी से रिकवर होने लगे हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पलारी के वार्ड क्रमांक 15 की मितानिन रेशमा दानी ने बताया कि उनके वार्ड के 114 घरों के कुल 15 लोग संक्रमित थे, जो दवा के सेवन से अब ठीक हो चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को कोरोना किट में प्रदाय की गई दवाओं और उसके सेवन के बारे में भी जानकारी दी। ग्राम कोदवा की मितानिन पुष्पा कजीजे ने बताया कि गांव में 6 मितानिन कार्यरत हैं। कुल 43 कोरोना संक्रमित में से 32 स्वस्थ्य हो चुके हैं, शेष 11 मरीज नियमित रूप से दवा लेने के कारण अब स्वस्थ होने की स्थिति में हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता भवानी सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र के 5 गांवों में कुल 81 कोरोना संक्रमित मरीज थे, जिसमें से 45 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं, शेष सभी मरीजों को कोरोना दवा किट उपलब्ध करा कर उसका सेवन शुरू करा दिया गया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने यह भी कहा कि लक्षण दिखते ही दवा का सेवन शुरू करने वाले मरीजों की स्थिति ना तो गंभीर हो रही है ना ही उनका ऑक्सीजन लेवल कम हो रहा है। मरीजों और उनके परिजनों को कोरोना दवा किट उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें संक्रमण से बचने के उपायों के साथ साथ गर्म पानी का सेवन, भाप लेने और काढ़ा सेवन की भी समझाईश दी जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान राजनांदगांव जिले के मानपुर, बेमेतरा जिले के साजा, दुर्ग जिले के पाटन, बालोद जिले के डौंडीलोहारा, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पलारी, महासमुंद जिले के बागबाहरा, गरियाबंद, रायपुर के अभनपुर सहित अन्य ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों ने अपने-अपने गांवों में कोरोना संक्रमण की स्थिति, संक्रमितों के उपचार एवं लक्षण वाले मरीजों को कोरोना दवा किट के वितरण की जानकारी दी।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह व उनके बेटे के खिलाफ कांग्रेस प्रवक्ता ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

✹ आय से अधिक संपत्ति व भ्रस्टाचार की आयकर और ईडी के जरिए जांच की मांग की

रायपुर, 02 मई । भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और उनके पूर्व सांसद पुत्र अभिषेक सिंह के खिलाफ आज प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल के नाम एक शिकायत पत्र और ज्ञापन सौंपा है। इस शिकायत पत्र में कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और उनके पुत्र अभिषेक सिंह के खिलाफ आयकर और ईडी के माध्यम से जांच कराए जाने की मांग रखी है।

विदित है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और उनके पुत्र अभिषेक के खिलाफपहले भी शिकायत की जा चुकी है। कांग्रेस के युवा नेता विनोद तिवारी ने इस मामले में सीधे तौर पर पीएमओ से शिकायत की थी। जिस पर हाल ही में पीएमओ ने जांच के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को अधिकृत कर दिया है। की गई इस शिकायत में भी आर्थिक अनियमितता और भ्रष्टाचार का उल्लेख था।

आज प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने राज्यपाल को शिकायत पत्र सौंपकर इस मामले को हवा दे दी है। कांग्रेस प्रवक्ता ने 15 सालों के दौरान डॉ रमन सिंह के कार्यकाल पर उंगली उठाते हुए भ्रष्टाचार को अंजाम दिए जाने और आर्थिक अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया है।

राज्यपाल को सौंपे गए शिकायत पत्र में जहां आर्थिक अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर जांच की मांग की गई है तो वहीं पर पनामा मामले का भी जिक्र किया गया है। इस पनामा प्रकरण में जिस अभिषाक सिंह के नाम का उल्लेख हुआ है उसमें पिता का नाम डॉ रमन सिंह और पता उनके पुरखौती गृह का दिया हुआ है। जिसे आधार पर ना कर यह आरोप लगा है कि अभिषेक सिंह ही अभिषाक सिंह है।

शिकायत पत्र में कांग्रेस प्रवक्ता ने निर्वाचन के दौरान भरे गए शपथ पत्र को लेकर भी ध्यान आकृष्ट कराया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने इस बात का उल्लेख किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने निर्वाचन आयोग को नामांकन दाखिले के वक्त गलत जानकारी दी है। उन्होंने अपनी आए को निर्वाचन आयोग के समक्ष जानबूझकर गलत बताया है।

कार की सीट के नीचे छुपाकर ला रहा था अवैध शराब,पुलिस ने किया जब्त

रायपुर, 02 मई । राजधानी रायपुर में पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना पर एक आल्टो कार सवार 2 लोगों से 201 पाऊच देशी अवैध शराब व अन्य दो लोगों के पास से 11 पौव्वा अंग्रेजी तथा 10 बॉटल बीयर सहित 2 लीटर देशी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर 30 अप्रैल ग्राम समोदा आरंग में आल्टो कार क्रमांक सीजी 04 एच.आर 8069 की तलाशी लेने के दौरान कार की सीट के नीचे 201 पाऊच देशी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद कार सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम लक्ष्मी नारायण साहू 48 वर्ष पिता स्व.यादराम साहू तथा केशव सेन 25 वर्ष पिता होरीलाल सेन बताया है। इसी तरह खमतराई पुलिस 30 अप्रैल को ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग 06 रावाभाठा में अजय कुमार साहू के पास 11 पौव्वा अंग्रेजी तथा 06 बॉटल बीयर जब्त की है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने चंदखुरी फार्म पंकज चौक के पास एक व्यक्ति को पकड़ तलाशी लेने पर उसके पास से एक जरिकेन में 2 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की है।

सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

रायपुर 2 मई। रायपुर के मेयर एेजाज ढेबर ने अपने जन्मदिन के मौके पर कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई में एम्बुलेंस, फ्रूट पैकेट, ऑक्सीमीटर और थर्मल स्कैनर के रूप में दान की घोषणा की।

दादागिरी करने वाले दुकानदार की दुकान सील

✹ एक दिन पहले की थी महिला इंजीनियर से अभद्रता

रायपुर, 02 मई । तात्यापारा में लालता चौक के पास एक दुकानदार लॉक डाउन के बावजूद भी एक दुकानदार दुकान खोलकर सामान बेच रहा था। रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 7 की नगर निवेश की एक उप अभियंता अपनी टीम के साथ कल दुकान बंद कराने पहुंची तो दुकानदार ने अभद्र व्यवहार करने के साथ दादागिरी करने पर उतारू हो गया। निगमायुक्त श्री सौरभ कुमार के निर्देश पर निगम के हेड आफिस और जोनों से कर्मचारी भेजकर उक्त दुकान को सील कर दिया गया।

लालता चौक के पास हिन्द डेयरी नामक दुकान लॉक डाउन के बावजूद भी हर दिन खुल रहा था। इस दुकानदार की द्वारा इस तरह की हरकत लगातार की जा रही थी। जिसकी शिकायत मिलने पर कल निगम के जोन क्रमांक 7 के नगर निवेश की एक महिला उप अभियंता अपनी टीम के साथ उक्त दुकान को बन्द कराने पहुंची थी। उक्त दुकानदार कार्यवाही होते देखकर अभद्रता करने लगा। साथ ही धमकी भी देने लगा। इसकी शिकायत जोन 7 की टीम द्वारा निगमायुक्त श्री सौरभ कुमार से की गई। इसके बाद निगम की हेड आफिस और सभी जोनों की टीम भेजकर उक्त दुकान को सील बन्द करने की कार्यवाही की गई।

गहनों की हॉलमार्किंग की अनिवार्यता स्थगित करने सोनी व रमन करेंगे केंद्रीय उपभोक्ता मंत्री से चर्चा

रायपुर, 2 मई। सोने के गहनों में हालमार्किंग की अनिवार्यता 1 जून 2021 से पूरे देश में लागू होने जा रही है, वहीं सराफ़ व्यावसायी कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसे स्थगित करने की मांग लगातार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर 20 कैरेट स्वर्ण आभूषण पर हॉलमार्किंग की मान्यता देने की मांग कर रहेंगे। इसी परिप्रेक्ष में रायपुर सराफ़ एसोसिएशन के अध्यक्ष हरख भालू के अनुरोध पर रायपुर सांसद सुनील व पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह केंद्रीय उपभोक्ता मंत्री पीयूष गोयल हॉलमार्किंग की अनिवार्यता को कोरोना काल कर स्थिति जब तक सामान्य नहीं हो जाती तब तक स्थगित करने व 20 कैरेट स्वर्ण आभूषण को मान्यता देने के संदभ में चर्चा करने की बात कहीं। भालू ने बताया कि कोरोना संक्रमण के फैलाव के कारण पूरे देश में आर्थिक एवं व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार पूरे देश में 1 जून से सोने के गहनों पर हालमार्किंग की अनिवार्यता लागू करने जा रही हैं। इस संदर्भ में पिछले दिनों रायपुर सराफ़ एसोसिएशन के द्वारा केंद्रीय उपभोक्ता मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर इसे स्थगित करने की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया हैं। वहीं दूसरी ओर 20 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी को हॉलमार्किंग की मान्यता देने केंद्रीय उपभोक्ता मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा जा चुका है।